**प्रमुख समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह दो दिन की मलेशिया यात्रा पर रवाना हुए– कहा यात्रा का उद्देश्य रक्षा और सुरक्षा संबंधों को गहरा करना, आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ाना है।
- अल्मोड़ा में आयोजित "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" शिविर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा–सरकार हर नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
- ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग प्रदेशभर में अप्रैल माह में पिथौरागढ़ से करेगा प्रवासी पंचायत का आयोजन।
- युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण कौशल योजना के तहत अभ्यर्थी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह दो दिन की मलेशिया यात्रा पर रवाना हो गये। यात्रा से पहले श्री मोदी ने कहा कि वे मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ चर्चा करने और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य रक्षा और सुरक्षा संबंधों को गहरा करना, आर्थिक और नवाचार साझेदारी को बढ़ाना तथा नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया के ऐतिहासिक संबंधों में हाल के वर्षों में निरंतर प्रगति हुई है। उन्होंने मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय से मिलने की उत्सुकता व्यक्त की, जो विश्व में सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समुदायों में से एक है, जिनकी संख्या लगभग तीन मिलियन है। उन्होंने कहा कि मलेशिया की प्रगति में उनका अमूल्य योगदान तथा उनकी भूमिका दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक मित्रता की मजबूत नींव प्रदान करती है।

**"जन–जन की सरकार''**

"जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत अल्मोड़ा जिले के विकासखंड ताकुला के ग्वालाकोट में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए । उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रीमती आर्य ने कहा कि कार्यक्रम में जो जनसमस्याएं सामने आई हैं, वे अगले किसी कार्यक्रम में नहीं दोहराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी जन समस्याओं की अनदेखी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुल 101 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से लगभग 95 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर किया गया।

**नई फिल्म नीति**

बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पांडे ने कहा कि उत्तराखंड की नई फिल्म नीति के बाद राज्य में बॉलीवुड की फिल्मों से लेकर स्थानीय स्तर पर आधारित फिल्मों के निर्माण में अपार संभावनाएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि नई फिल्म नीति के बाद राज्य में कई फिल्मों शूटिंग हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो नई फिल्म नीति बनाई है उससे प्रदेश की प्रतिभाओं को बेहतर मौका मिला है।

**महिलाओं को सशक्त**

महिलाओं को सशक्त करने के लिए खटीमा के बूढ़ाकिशनी गांव की थारू जनजाति की महिलाओं को कढ़ाई और बुनाई का प्रशिक्षण सरकार द्वारा दिया जा रहा है । मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित करते हुए उत्पाद की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा रहा है और उन्हें बाजार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कढ़ाई और बुनाई के क्षेत्र में बेहत्तर महिला प्रशिक्षक के माध्यम से खटीमा में समूह की लगभग 25 महिलाओं को 3 महीने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे हैंडलूम उद्योग को बेहतर करने के लिए इस तरह के और प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाएगा।

वहीं एकता ग्राम संगठन की अध्यक्ष कमला गोस्वामी ने बताया कि पहले महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी, लेकिन आज सरकार के सहयोग से वे आत्म निर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रही है। महिला सशक्तिकरण की मुहिम ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे महिलाएं समूह के माध्यम से काम कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है।

**वृद्धाश्रम स्थापना की**

टिहरी गढ़वाल में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किए जाने वाले वृद्धाश्रम की स्थापना को लेकर उपलब्ध अप्रयुक्त शासकीय भवनों के हस्तांतरण को लेकर जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम काण्डा, सुरसिंगधार स्थित ए एन एम सेंटर भवन को समाज कल्याण विभाग के नाम हस्तांतरित करने को लेकर चर्चा की गई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त भवन के हस्तांतरण के लिए पत्राचार करने के निर्देश दिये, ताकि वृद्धाश्रम की स्थापना की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

**पलायन आयोग**

ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग प्रदेशभर में प्रवासी पंचायत करने जा रहा है। इसकी शुरुआत अप्रैल माह में पिथौरागढ़ से की जाएगी। पलायन आयोग के उपाध्यक्ष डॉक्टर शरद सिंह नेगी बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश पर प्रदेश में बेड़े पैमाने पर रिवर्स पलायन हुआ है। उन लोगों से संवाद कर स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित किए जाएंगे। इसके साथ ही राज्य व राज्य के बाहर रहने वाले लोगों को प्रवासी पंचायत में बुलाया जाएगा। गौरतलब कि कोविड के से लेकर अभी तक प्रदेश में करीब 6 हजार लोगों ने रिवर्स पलायन किया है।

**ग्रामीण कौशल योजना**

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत चमोली जिले में ग्रामीण युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 20 अभ्यर्थी आनंद कौशल केंद्र, सुद्धोवाला (देहरादून) में सिलाई मशीन ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि योजना युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत जोशीमठ ब्लॉक से 2 थराली से 9, नारायणबगड़ से 2, दशोली से 4, देवाल से 1 और नंदानगर से 2 युवतियों को प्रशिक्षण ले रहे हैं।